सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 21 जनवरी, 2025

मंगलवार को राजभवन में मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड में रह रहे इन राज्यों के लोगों ने अपने–अपने राज्यों से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए इन राज्यों के नागरिकों को प्रदेश की ओर से स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों की रमणीय प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर और लोक परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें इन राज्यों में लंबे समय तक सेवा करने का अवसर मिला है और उनके साथ गहरा जुड़ाव है। उन्होंने सेवा के दौरान के अपने अनुभव और संस्मरण भी साझा किए।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता में निहित है। राज्यों की परंपराएं, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत हमारी एकता और गौरव को बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस जैसे आयोजनों से सांस्कृतिक आदान–प्रदान और आपसी मेलजोल बढ़ता है, जो देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाता है। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित इन राज्यों के छात्र पृथ्वी राज, अभिनाश, प्रीतम जीत कौशम, ऋषा देवब्रह्मा, मिकिम्मरा संगमा, टैंगसैंग संगमा आदि ने प्रतिभाग किया।

...........0............